उत्तर प्रदेश शासन,
समाज कल्याण अनुभाग–1
संख्या–366/26–1–05–2(41)/04
लखनऊ दिनांक 23 फरवरी, 2005

विज्ञप्ति/नियुक्ति

राज्यपाल महोदय, विशेष चयन परीक्षा, 2004 के परिणाम के आधार पर लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद द्वारा राजकीय गोविन्द बल्लभ पंत, पालीटेक्निक, लखनऊ में प्रवक्ता (अप्राविधिक) गणित के पद के लिए चयनित तथा नियुक्ति हेतु संस्तुत अभ्यर्थी श्री जय प्रकाश को उक्त पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से प्रवक्ता (अप्राविधिक) गणित के पद पर रू0 8000–13500 के वेतनमान में अस्थायी रूप से नियुक्त करते हुए दो वर्ष की परिवीक्षा (जिसे नियमानुसार बढ़ाया जा सकता है) पर रखे जाने की स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2– वरिष्ठता के संबंध में तत्संबंधी नियमों के अनुसार यथा समय आदेश अलग से निर्गत किये जायेंगे।

3– उपर्युक्त अभ्यर्थी श्री जय प्रकाश को निर्देशित किया जाता है कि वह कृपया नियमानुसार अपेक्षित अचल सम्पत्ति से संबंधित घोषणा पत्र, एक अधिक जीवित पत्नी न होने का घोषणा पत्र, शैक्षिक तथा आयु संबंधी प्रमाण पत्र तथा चरित्र संबंधी दो ऐसे राजपत्रित अधिकारियों से प्रमाण पत्र, जो सक्रिय सेवा में हो और उनके निजी जीवन से परिचित हो, किन्तु उनके संबंधी न हो आदि लेकर निदेशक, समाज कल्याण, लखनऊ को कार्यभार ग्रहण करने हेतु 20 दिन के भीतर अपनी योगदान आख्या प्रस्तुत करें। यदि उक्त तिथि तक अपनी उपस्थिति की सूचना निदेशक, समाज कल्याण को नहीं दी जाती है तो, उनका अभ्यर्थन समाप्त किये जाने पर विचार किया जा सकता है।

4– निदेशक, समाज कल्याण को अपनी उपस्थिति की सूचना उपलब्ध कराने तथा तैनाती के स्थान पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु, जाने के लिए कोई मार्ग व्यय/यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

अनिल सन्त,
सचिव।

पृ0सं0–366(1)/26–1–2005 तद्‌दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. निदेशक, समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया संबंधी अभ्यर्थी के कार्यभार ग्रहण करने की सूचना तत्काल दी जाय।
2. महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
3. निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद को गजट के आगामी अंक में प्रकाशनार्थ।
4. संबंधित अभ्यर्थी को उनके द्वारा आवेदन पत्र में दिये गये पत्र व्यवहार के पते पर रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रेषित।
5. सचिव, लोक सेवा आयोग, उ0प्र0, इलाहाबाद को उनके पत्र संख्या–55/4/डीआर/से–4/2002–03 दिनांक 18 अगस्त, 2004 के संदर्भ में।
6. कार्मिक अनुभाग–4, उत्तर प्रदेश शासन।
7. व्यक्तिगत पत्रावली/गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(एच0पी0सिंह)
अनु सचिव।

Scanned with CamScanner